47

“हमने उसकी महिमा देखी”

मत्ती 17:1-8; मरकुस 9:2-8; लूका 9:28-36, एक निकट दृष्टि

तीन साल तक यीशु के साथ रहने वाले प्रेरितों में से एक होने की कल्पना करें। उन सभी अद्‌भुत दृश्यों पर विचार करें, जो आपने प्रेरितों के रूप में देखे होते: पांच हज़ार को खिलाना, पानी पर यीशु का चलना, तूफ़ान को शान्त करना, मुर्दों को जिलाना। अब अपने आप से पूछें, “जो कुछ मैंने देखा, उसमें से मैं सबसे अधिक किससे प्रभावित हुआ होता?” आपका तो पता नहीं कि आप इस प्रश्न का उत्तर कैसे देंगे, परन्तु इतना अवश्य जानता हूं कि रूपान्तर की विशेष घटना ने प्रेरितों पर, जिन्हें इसे देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, विशेष प्रभाव डाला था। बाद में वहां उपस्थित प्रेरितों में से एक ने कहा था:

> ... हम ने आप ही उसके प्रताप को देखा था। कि उसने परमेश्वर पिता से आदर, और महिमा पाई, जब उस प्रतापमय महिमा में से यह वाणी आई कि यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिससे मैं प्रसन्न हूं। और जब हम उसके साथ पवित्र पहाड़ पर थे, तो स्वर्ग से यही वाणी आते सुनी (2 पतरस 1:16-18)।

एक और ने जो उस समय वहां उपस्थित था, लिखा:

> आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था (यूहन्ना 1:1)।
>
> और वचन देहधारी हुआ; और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण होकर हमारे बीच में डेरा किया, और हम ने उसकी ऐसी महिमा देखी, जैसी पिता के इकलौते की महिमा (यूहन्ना 1:14)।

लेखक के मन में रूपान्तर की बात से बढ़कर होगा (देखें यूहन्ना 2:11), बल्कि इस

वाक्य में वह अतिस्मरणीय घटना भी शामिल थी कि, ''हम ने उसकी महिमा देखी'' (देखें लूका 9:31, 32)।

प्रभु के रूपान्तर का अध्ययन करते हुए,[1] पवित्र शास्त्र का हमारा मुख्य पाठ मत्ती 17 अध्याय होगा; परन्तु अतिरिक्त विवरणों के लिए हम मरकुस 9 और लूका 9 में भी जाएंगे। परमेश्वर करे कि इस प्रस्तुति से हम में से हर एक को ''उसकी महिमा देखने'' में सहायता मिले।

महत्वपूर्ण घटना
(मत्ती 17:1, 2; मरकुस 9:2, 3; लूका 9:28, 29)

अगली आयत आरम्भ होती है, '' *छह दिन के बाद* यीशु ने पतरस और याकूब और उस के भाई यूहन्ना को साथ लिया और उन्हें एकान्त में किसी ऊंचे पहाड़ पर ले गया'' (मत्ती 17:1)।[2] छह दिन पहले क्या हुआ था?

करीब एक सप्ताह पूर्व, पतरस ने अच्छा अंगीकार किया था और मसीह ने अपनी कलीसिया बनाने का वायदा किया था (मत्ती 16:16, 18)।[3] उस समय उसने यह प्रकट किया था कि उस प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए उसका मरना आवश्यक है: ''यीशु अपने चेलों को बताने लगा कि अवश्य है कि मैं यरूशलेम को जाऊं और पुरनियों और महायाजकों और शास्त्रियों के हाथ से बहुत दुख उठाऊं और मार डाला जाऊं; ... '' (मत्ती 16:21)। यरूशलेम में एक सांसारिक राज्य स्थापित करने के लिए जाने के बजाय, जैसा कि उसके चेलों को लगता था, उसने वहां मरने के लिए जाना था।

चेलों को मसीह की ये बातें समझ नहीं आईं, क्योंकि मसीहा के मरने की बात राज्य की उनकी अवधारणा से मेल नहीं खाती थी। ''इस पर पतरस [यीशु को] अलग ले जाकर झिड़कने लगा, हे प्रभु! परमेश्वर न करे। तुझ पर ऐसा कभी न होगा'' (मत्ती 16:22)। मसीह ने पतरस को और फिर सभी प्रेरितों को डांटा (मत्ती 16:23-27; देखें मरकुस 8:38; लूका 9:26)।

छह दिन के लम्बे समय तक यीशु और उसके अनुयायियों के बीच पाए जाने वाले तनाव की कल्पना करें। ऐसा कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है कि उन दिनों के बीच क्या घटना घटी थी। अन्ततः छह दिन बाद, यीशु बड़बोले पतरस सहित, तीन प्रेरितों को ''किसी ऊंचे पहाड़ पर'' ले गया।

हमें यह नहीं बताया गया कि यीशु उन तीनों को क्यों ले गया, परन्तु कई अवसरों पर उसने उन्हें दूसरे प्रेरितों से अलग किया था (मरकुस 5:37; 9:2; 14:33)। हो सकता है कि वह उन्हें इसलिए ले गया हो, क्योंकि उसे पता था कि भविष्य में उन्हें क्या आवश्यकता पड़ेगी।[4] शायद वह उन्हें इसलिए ले गया, क्योंकि उसे लगा कि उनके द्वारा वह शेष नौ तक अच्छी तरह पहुंच सकता है। यह भी सम्भव है कि हमारी तरह मनुष्य होने के कारण यीशु को विशेष मित्रों की आवश्यकता थी। यूहन्ना, जो उन तीनों में से एक था, को ''उस चेले ... जिससे यीशु प्रेम रखता था'' के रूप में जाना जाता है (यूहन्ना 21:20; देखें 13:23; 19:26; 20:2)।

हमें यह भी नहीं बताया गया है कि वे किस पहाड़ पर चढ़े।[5] बाइबल से बाहर की परम्परा के अनुसार यह गलील में ताबोर पहाड़ था, परन्तु अधिक सम्भावना हर्मोन पहाड़ की ही है, जो उस जगह से ज्यादा दूर नहीं था, जहां पतरस ने अच्छा अंगीकार किया था।[6] हर्मोन पहाड़ पलिश्तीन में सबसे ऊंचा है; इसकी ''बर्फ से ढकी चोटियां घाटी से लगभग दस हज़ार फुट ऊपर'' हो जाती हैं।[7]

पहाड़ पर जाने का यीशु का कारण रूपान्तरित होना नहीं, बल्कि अपने पिता के साथ बात करना था। लूका ने लिखा है, ''वह पतरस और यूहन्ना और याकूब को साथ लेकर प्रार्थना करने के लिए पहाड़ पर गया'' (लूका 9:28)। शायद वह प्रेरितों के प्रार्थना के जीवनों में सुधार करने के लिए सहायता करना चाहता था–परन्तु, जैसा आम तौर पर होता था, प्रार्थना के दौरान वे सो गए थे (लूका 9:32; देखें मत्ती 26:40, 43, 45)।

फिर, अचानक, ''जब वह प्रार्थना कर ही रहा था,'' कि ''उन के साम्हने उस का रूपान्तर हुआ'' (लूका 9:29क; मत्ती 17:2क)। यूनानी शब्द का अनुवाद ''रूपान्तर हुआ'' वह शब्द है, जिससे हमें ''काया पलट'' शब्द मिला है, जिसमें बिल्कुल बदलने का संकेत है।[8] उस रूप बदलने की भव्यता को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। सुसमाचार वृत्तांतों के लेखकों ने तुलनात्मक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके प्रभाव का वर्णन करने का प्रयास किया है।

> और उनके सामने उसका रूपान्तर हुआ और उस का मुंह सूर्य की नाईं चमका और उस का वस्त्र ज्योति की नाईं उजला हो गया (मत्ती 17:2)।
>
> और उसका वस्त्र ऐसा चमकने लगा और यहां तक अति उज्ज्वल हुआ, कि पृथ्वी पर कोई धोबी भी वैसा उज्ज्वल नहीं कर सकता[9] (मरकुस 9:3)।
>
> ... तो उसके चेहरे का रूप बदल गया: और उसका वस्त्र श्वेत होकर चमकने लगा (लूका 9:29)।

वहां होने वाली घटना को इस प्रकार से दिखाया जा सकता है: यीशु परमेश्वर–मनुष्य था (मत्ती 1:23), परन्तु पृथ्वी पर रहते हुए, अधिकतर लोगों ने उसके मनुष्य रूप को ही देखा था। परन्तु इस विशेष अवसर पर उसके मनुष्य–त्व के द्वारा उसके परमेश्वर–त्व की चमक दिखाई दी। पतरस, याकूब और यूहन्ना को उसकी ईश्वरीयता की झलक मिली थी, जो बहुत कम को नसीब हुई।[10]

प्रभावशाली इच्छा
(मत्ती 17:3-8; मरकुस 9:4-8; लूका 9:30-36)

अध्ययन को आगे बढ़ाते हुए, हम पूछना चाहते हैं, ''यीशु के रूपान्तर का उद्देश्य क्या था?'' मैं इस विलक्षण घटना के होने के चार सम्भावित कारण सुझाता हूं।

मनुष्यता को सम्मान दिया गया

मसीह के जीवन में समय-समय पर, नाटकीय घटनाओं से अतीत को सम्मान दिया गया और भविष्य के लिए मार्ग तैयार किया गया। उसका बपतिस्मा ऐसी ही एक घटना थी। उस समय परमेश्वर ने यीशु की तैयारी के तीस वर्षों की स्वीकृति की घोषणा की और मसीह की सार्वजनिक सेवकाई के तीन वर्षों की तैयारी के लिए पवित्र आत्मा उस पर उतरा (मत्ती 3:16, 17)। रूपान्तर ऐसी ही एक और घटना थी। उस अवसर पर परमेश्वर ने न केवल यीशु की तैयारी के वर्षों पर ही, बल्कि उसकी सेवकाई पर भी ''स्वीकृति की मोहर'' लगा दी (मत्ती 17:5)।

मसीह वही था, जिसकी पृथ्वी पर मनुष्य को रखने के समय परमेश्वर ने मनुष्य जाति के होने की इच्छा की थी। लोगों ने पाप किया था (उत्पत्ति 3:5; रोमियों 3:23), परन्तु यीशु ने नहीं (इब्रानियों 4:15)। रूपान्तर के समय, मसीह उसी स्थिति में, जैसा वह था, पवित्र परमेश्वर की उपस्थिति में वापस जा सकता था-यदि उसके आने का कोई दूसरा कारण न होता। निश्चय ही, कोई और कारण था, जिससे रूपान्तर के दूसरे उद्देश्य का पता चलता है।

''जाने'' की पुष्टि हुई

लूका ने लिखा है, ''पतरस और उसके साथी नींद से भरे हुए थे, और जब अच्छी तरह सचेत हुए, तो उस की महिमा ...'' देखी (लूका 9:32)। लेखक हमें समझाना चाहता था कि पतरस, याकूब और यूहन्ना ने स्वप्न नहीं देखा था; यीशु का दृश्य देखकर उनकी आंखें खुली की खुली रह गई थीं।

शीघ्र ही उन्होंने और चकित होना था: ''और देखो, मूसा और एलिय्याह,[11] ये दो पुरुष [मसीह के] साथ बातें कर रहे थे'' (लूका 9:30)।[12] मूसा और एलिय्याह यहूदी विश्वास के दो सबसे बड़े नायक थे (इब्रानियों 11:23-29; याकूब 5:17)। पतरस, याकूब और यूहन्ना ने अपने बुजुर्गों से उनकी कहानियां सुनी होंगी। उन्होंने रब्बियों के मुंह से उनकी प्रशंसा सुनी होगी। मूसा महान व्यवस्था देने वाला था, जबकि एलिय्याह लोगों को व्यवस्था की ओर लाने वाला था।[13] हमें यह नहीं बताया गया कि रूपान्तर के पर्वत पर प्रभु के साथ खड़े होने का इन दोनों को सौभाग्य क्यों मिला। शायद दोनों-पुराने नियम की भविष्यवाणी में मसीह से जुड़े हुए थे (व्यवस्थाविवरण 18:15; मलाकी 4:5, 6)।[14]

यीशु, मूसा और एलिय्याह में बहुत कुछ सामान्य था; बहुत से विषय थे, जिन पर उन्होंने चर्चा की होगी। मूसा को प्रतिज्ञा के देश में जाने की अनुमति नहीं मिली थी (गिनती 20:12), और एलिय्याह को गलील के हरे-भरे मैदानों में चले कई सदियां बीत गई थीं; उन्हें यीशु के साथ उस देश में घूमने की बातें करने में आनन्द आया होगा। तीनों नेतृत्व करने में आने वाली परीक्षाओं को जानते थे; उन्होंने छोटी-छोटी सच्चाइयों को बताने की कोशिश करने में आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की होगी।[15] परन्तु उनकी बातचीत इन या इनसे मिलती-जुलती बातों में से ही नहीं थी।

लूका के अनुसार, वे ''[मसीह] के मरने[16] की चर्चा कर रहे थे, जो यरूशलेम में होने

वाला था'' (लूका 9:31)। अनुवादित शब्द ''मरना'' ''प्रस्थान करना या जाना'' के लिए है।[17] ''जाना'' ''निर्गमन'' (*ek* या *ex*) के लिए उपसर्ग के साथ ''सड़क'' या ''मार्ग'' (*odos*) के लिए मिलाने वाले यूनानी शब्द का मिश्रित शब्द है; इसका मूल अर्थ ''बाहर को'' है। दरवाज़ों पर लिखे जाने वाले ''Exit'' शब्द पर विचार करें। मिस्र से निर्गमन पर विचार करें, जिसमें इस्राएली लोग प्रतिज्ञा किए हुए देश में जाने के लिए उसे छोड़ रहे थे। लूका 9 अध्याय में ''मरना'' शब्द प्रभु की मृत्यु, पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के इर्द-गिर्द घूमता है। तस्वीर के रूप में यह मसीह के इस जीवन से और अन्ततः इस संसार से जाने की बात करता है।

आप को क्यों लगता है कि मूसा और एलिय्याह के दिलो-दिमाग में यीशु के होने वाले क्रूसारोहण का विषय छाया हुआ है? उनका कारण *पेशेवर* होगा, क्योंकि परिश्रम के उनके वर्षों में इसी घटना की ओर ध्यान दिलाया गया था। मूसा द्वारा दी गई व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को मसीह तक लाना था (गलातियों 3:16, 19, 24, 25)। एलिय्याह उन लोगों को जिनके द्वारा मसीहा ने आना था तैयार करने के लिए परिश्रम करने वाले नबियों में से एक था। नबियों के अनुसार, मसीह/ख्रिस्तुस ने आकर लोगों के लिए मरना था (यशायाह 53:4-6)।

परन्तु, अधिक सम्भावना यह है कि मूसा और एलिय्याह की यीशु की मृत्यु में दिलचस्पी का कारण *निजी* था: उनके पापों के लिए, उसके मरे बिना वे स्वर्ग में नहीं जा सकते थे! पुराना नियम लोगों के क्षमा पाने के बारे में बताता है, परन्तु मसीह के परम बलिदान को ध्यान में रखते हुए, यह एक अस्थाई क्षमा थी।[18] इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने कहा है कि यीशु ''नई वाचा [अर्थात नये नियम] का मध्यस्थ है, ताकि *उस मृत्यु के द्वारा, जो पहिली वाचा [अर्थात पुराने नियम] के समय के अपराधों से छुटकारा पाने के लिए हुई है,* बुलाए हुए लोग प्रतिज्ञा के अनुसार अनन्त मीरास को प्राप्त करें'' (इब्रानियों 9:15)। पहली शताब्दी के प्रचारकों को यह कहना अच्छा लगता था कि ''यीशु का लहू आगे और पीछे दोनों ओर बहा।''

इस कारण मूसा और एलिय्याह की मसीह की मृत्यु में रुचि अपने ही हित के लिए थी। हमने ध्यान दिया था कि यीशु उस समय भी वैसे का वैसे ही स्वर्ग में लौट सकता था- परन्तु, यदि वह लौट जाता, तो स्वर्ग में मनुष्य की देह वाला व्यक्ति केवल वही होता। मूसा के स्वर्ग में जाने से पहले उसका मरना आवश्यक था! एलिय्याह के स्वर्ग में जाने से पहले उसकी मृत्यु आवश्यक थी! इसलिए यह चर्चा पुराने नियम के दो सम्माननीय लोगों के लिए दिलचस्पी का कारण थी।

यह बातचीत प्रभु के लिए भी महत्वपूर्ण थी। उसके चेलों ने उसे क्रूस पर जाने से निराश करने की कोशिश की थी (मत्ती 16:22)। मूसा और एलिय्याह ने निःसंदेह उसे मनुष्य के उद्धार के लिए परमेश्वर की योजना में दृढ़ रहने के लिए उत्साहित किया था। इसलिए यीशु के रूपान्तर से केवल अतीत को ही सम्मान नहीं मिला, बल्कि भविष्य के लिए अर्थात क्रूसारोहण के लिए यीशु की तैयारी में सहायता भी हुई।

अधिकार का अर्थ बताया गया

रूपान्तर के इन दो उद्देश्यों के अतिरिक्त, कारणों का उल्लेख करना भी आवश्यक है। तीसरा कारण यह है कि इस अवसर पर मसीह के अधिकार का अर्थ बताया गया है।

चेले यह सब देखकर चौकस हो गए (मरकुस 9:6)। परन्तु, डरकर या बिना डर के, पतरस हमेशा *कुछ न कुछ* कह ही देता था।[19] वह बोल उठा, ''हे प्रभु हमारा यहां रहना अच्छा है। इच्छा हो तो यहां तीन मण्डप बनाऊं; एक तेरे लिए, एक मूसा के लिए और एक एलिय्याह के लिए'' (मत्ती 17:4)। मरकुस ने कहा है कि पतरस ''न जानता था, कि क्या उत्तर दे'' (मरकुस 9:6), जबकि लूका ने लिखा कि ''वह जानता न था, कि क्या कह रहा है'' (लूका 9:33)। पतरस को पता नहीं था कि क्या कहना है; और कह लेने के बाद, उसे पता नहीं था कि उसने क्या कह दिया था!

घटना के दृश्य की बात करते हुए पतरस को मालूम नहीं था कि वह क्या कह रहा था: ''हे प्रभु हमारा *यहां* रहना अच्छा है। ... मैं *यहां* तीन मण्डप बनाऊं।'' वास्तव में यह प्रेरित यीशु से कह रहा था, ''मसीहा के रूप में तेरे बारे में मेरा ऐसा ही विचार था! इसलिए यरूशलेम को जाने की बात भूल जा, जहां मृत्यु तेरी प्रतीक्षा कर रही है। *यहीं* पहाड़ पर इधर ही रहते हैं, जहां महिमा तुझ पर छाया किए हुए है।'' उसे यह समझ नहीं थी कि मसीह यदि वहां रहता, तो उसने हमारे पापों के लिए मरना नहीं था (1 कुरिन्थियों 15:3) और हम सब का नाश हो जाता (इब्रानियों 9:22ख)!

इसके अलावा, अस्थाई मण्डप बनाने का प्रस्ताव रखने की बात करते हुए पतरस को पता नहीं था कि वह क्या कह रहा है:[20] ''मैं यहां *तीन मण्डप* बनाऊं; एक तेरे लिए, एक मूसा के लिए और एक एलिय्याह के लिए।''[21] जे. डब्ल्यू मैक्गर्वे ने सुझाव दिया है कि पतरस, मूसा और एलिय्याह को रोकने का प्रयास किए बिना जाने नहीं दे पाया, ''यद्यपि सबसे अच्छा प्रलोभन वह उनके और मसीह के रहने के लिए वृक्षों की टहनियों से तीन मण्डप या तम्बू बनाने की पेशकश करके ही दे सका।''[22] ध्यान दें कि यह कितना व्यर्थ था: आत्मिक जीवों के लिए तम्बुओं का क्या लाभ होना था?

विशेषकर मूसा और एलिय्याह को प्रभु के साथ मिलाते हुए पतरस को यह पता नहीं था कि वह क्या कह रहा है। ''मैं यहां तीन मण्डप बनाऊं; *एक तेरे लिए, एक मूसा के लिए और एक एलिय्याह के लिए*।'' आज बहुत से लोग यही गलती कर रहे हैं। वे यीशु को कई महान आत्मिक गुरुओं और अगुवों में से मानते हैं।[23] उन्हें यीशु, मुहम्मद, बुद्ध और कई दूसरों को सम्मान देने के लिए बहुत से मण्डप बनाकर अच्छा लगता है। उन्हें आवश्यकता है कि पतरस को दिए सुझाव पर परमेश्वर की प्रतिक्रिया सुनें: ''वह बोल ही रहा था, कि देखो; एक उजले बादल ने उन्हें छा लिया। और देखो, उस बादल में से यह शब्द निकला, यह मेरा प्रिय पुत्र है जिस से मैं प्रसन्न हूं इस की सुनो'' (मत्ती 17:5)।

परमेश्वर के शब्द यह परिचय देने के लिए थे कि ''यह मेरा प्रिय पुत्र है।'' इनसे ईश्वरीय स्वीकृति का संकेत मिला कि ''जिससे मैं प्रसन्न हूं।'' इनमें ईश्वरीय आदेश था कि ''*इसकी* सुनो!'' अन्य शब्दों में, ''न मूसा की सुनो; न एलिय्याह की बात पर ध्यान दो;

सुनो तो केवल *यीशु* की सुनो!''[24] आज हम इसमें जोड़ सकते हैं, ''परमेश्वर का विशेष दूत होने का दावा करने वाले किसी और की न सुनो!''

प्रेरित तैयार हुए

चौथा, मत्ती 17:5 में परमेश्वर के शब्दों में प्रेरितों के लिए विशेष महत्व होना चाहिए था। वे मसीह की अपनी आने वाली मृत्यु की भविष्यवाणी का विरोध कर रहे थे (मत्ती 16:21, 22)। संदर्भ में, पतरस को कहे परमेश्वर के शब्द विशेष थे कि, ''तुम्हें समझ आए या न, तुम इससे सहमत हो या नहीं, पर सुनो यीशु की ही। *वह* बेहतर जानता है।'' जो मार्ग हमें ''सही *लगता*'' है, वह वास्तव में ''मृत्यु का मार्ग'' हो सकता है (नीतिवचन 14:12; 16:25)। हमारी बुद्धि सीमित ही होती है, इसलिए हमें ''परमेश्वर की बुद्धि'' पर निर्भर रहना सीखने की आवश्यकता है (इफिसियों 3:10)।

बादल में से आवाज़ आने पर, चेले ''मुंह के बल गिर गए और अत्यन्त डर गए'' (मत्ती 17:6)। मसीह ने उनके पास आकर, उन्हें प्यार से छुआ और कहा, ''उठो, डरो मत'' (मत्ती 17:7)। आंख उठाने पर उन्होंने ''यीशु को छोड़ और किसी को न देखा'' (मत्ती 17:8)।

प्रेरितों को उन सारी घटनाओं की पूरी समझ नहीं आई, परन्तु उन्होंने यीशु की ईश्वरीयता देख ली। उन्होंने मूसा और एलिय्याह को इस तथ्य की पुष्टि करते सुना था कि यीशु के लिए यरूशलेम में मरना आवश्यक है। पवित्र आत्मा ने बाद में उन्हें ये सब बातें याद दिलानी थीं (यूहन्ना 14:26); फिर पहेली के सब टुकड़े एक-एक करके इकट्ठे हो जाने थे।[25] इसके साथ ही, कम से कम उन्हें आने वाले समय के लिए तो अच्छी तैयारी मिल गई।

सारांश

उस पहाड़ पर महिमा पाए प्रभु को देखना रोमांचकारी नहीं रहा होगा? हमें वह अनुभव कभी नहीं मिल पाएगा; परन्तु, यदि हम उसके विश्वासी हैं, तो हम उसे अपनी महिमा में एक दिन अवश्य *देखेंगे*! ''इतना जानते हैं, कि जब वह प्रगट होगा तो ... उसे वैसा ही देखेंगे जैसा वह है'' (1 यूहन्ना 3:2)। एक दिन हम मूसा और एलिय्याह को भी स्वर्ग में देख सकते हैं!

प्रश्न यह है कि क्या हम उसकी और केवल उसकी सुनने और मानने को तैयार हैं या नहीं। अपने कानों में परमेश्वर की बात गूंजने दें: ''यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिस से मैं प्रसन्न हूं, इस की सुनो'' (मत्ती 17:5ख)। उसकी सुनें, जब वह आपसे विश्वास करने के लिए कहता है (यूहन्ना 3:16; 8:24)। उसकी सुनें, जब वह आपसे मन फिराने के लिए कहता है (लूका 13:3)। उसकी सुनें, जब वह आपसे उसका अंगीकार करने के लिए कहता है (मत्ती 10:32, 33)। उसकी सुनें, जब वह आपसे बपतिस्मा लेने के लिए कहता है (मरकुस 16:15, 16)। उसकी सुनें, जब वह मसीही जीवन बिताने के लिए कहता है

(लूका 9:23)। आज ही उसकी सुनें और उसकी इच्छा पर चलें!

नोट्स

इस पाठ को समझाने के लिए मैंने एक फलालैन के कपड़े का इस्तेमाल किया। नीचे दिए गए रेखाचित्र से पता चलता है कि प्रस्तुति के अन्त में यह बोर्ड कैसा दिखता था। पहाड़ को दर्शाने के लिए काला धागा (जो कपड़े पर चिपक जाता है) इस्तेमाल किया गया। ये चित्र मसीह के जीवन पर एक कपड़े पर बने पैकेट से खरीदे गए। दूसरे टुकड़े चमड़े वाले कागज़ से बनाए गए थे।

तीर से यह संकेत मिलता है कि रूपान्तर यीशु के जीवन का चरम और उसकी मृत्यु का पूर्वाभास था। चित्रों के नीचे दिए गए बॉक्स पाठ में दिए इस घटना के चार उद्देश्यों को दर्शाते हैं। कहानी और पाठ के समाप्त होने के साथ-साथ बोर्ड पर टुकड़े रखे गए। इस उदाहरण का इस्तेमाल चाक वाले बोर्ड, प्रोजेक्टर या पॉवर प्वायंट से किया जा सकता है।



टिप्पणियां

[1]इस प्रवचन का मुख्य स्रोत जी. कैम्पबैल मोर्गन, *द क्राइसस ऑफ़ द क्राइस्ट* (न्यू यॉर्क: फ्लेमिंग एच. रेवल कं., 1936), 215-67 था। मौर्गन ने यीशु के रूपान्तर पर तीन अध्याय शामिल किए। [2]मरकुस में भी ''*छह* दिन के बाद'' है (मरकुस 9:2), परन्तु लूका में, ''इन बातों के कोई *आठ* दिन बाद'' है (लूका 9:28)। मत्ती और मरकुस ने दिनों की गणना दो घटनाओं के बीच की, जबकि लूका ने उन दो दिनों को मिला लिया। आज, जहां हम रहते हैं वहां हम कहेंगे ''एक सप्ताह बाद।'' यदि प्रमाण चाहिए कि सुसमाचार के

लेखकों ने एक-दूसरे की नकल क्यों नहीं की, तो यह काफ़ी होगा।[3]आप छह दिन पहले होने वाली घटना की समीक्षा को विस्तार दे सकते हैं।[4]उदाहरण के लिए, पतरस को अगुआई करने में परिपक्व होना और याकूब के लिए शहादत को तैयार होना आवश्यक था (प्रेरितों 12:2)।[5]पतरस ने इसे "पवित्र पहाड़" ही कहा (2 पतरस 1:18)।[6]पृष्ठ 174 पर "यीशु की सेवकाई के समय पलिश्तीन" मानचित्र देखें।[7]गोर्डन पौवल, *डिफिकल्ट सेइंग्स ऑफ़ जीज़स* (पृष्ठ नहीं: फ्लेमिंग एच. रैवल कं., 1962), 63. [8]सूंडी के तितली में काया पलट पर विचार करें। विल एड वारेन ने लिखा है, "[नये नियम] में आन्तरिक और आत्मिक रूप बदलने के हवाले से इस शब्द का इस्तेमाल दो अन्य स्थानों पर हुआ है (2 कुरिन्थियों 3:18; रोमियों 12:2)" (विल एड वारेन, क्लास सिलेबस, द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट: द सिनोप्टिक गॉस्पल्स, हार्डिंग यूनिवर्सिटी, 1991, 71)।[9]कपड़ों को सफेद बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ब्लीच और नील पर विचार करें।[10]कई बार, लोगों को उसकी महिमा और ईश्वरीयता की कुछ-कुछ झलक मिली हो सकती है। यह, यह समझाने के लिए सहायक होगा कि दो बार मन्दिर को शुद्ध करने पर उसे किसी ने रोका क्यों नहीं और वह उसे मारने पर ऊतारू भीड़ में से बिना किसी हानि के निकल कैसे गया। परन्तु पतरस, याकूब और यूहन्ना की तरह दूसरे किसी को उसकी पूर्ण महिमा देखने की अनुमति नहीं मिली थी।

[11]KJV में इब्रानी "एलिय्याह" का यूनानी रूप "इलियास" है। (अलग-अलग भाषाओं में बहुत से नामों के अलग-अलग रूप हैं, जैसे "जॉन" को यूहन्ना, यूआन, योहन, जान भी कहा जाता है।) यह कुछ उलझाने वाला है, इसलिए अधिकतर अनुवादों में अधिक परिचित "एलिय्याह" का ही इस्तेमाल हुआ है। [12]पतरस और दूसरे प्रेरितों को कैसे पता चला कि मूसा और एलिय्याह वहां हैं? हो सकता है कि उन्हें ईश्वरीय समझ दी गई हो। हो सकता है कि उन्होंने यीशु को उनका नाम लेकर बातें करते सुना हो। इस बारे में बाइबल कुछ नहीं बताती। एक दिलचस्प टिप्पणी है कि मृत्यु के बाद भी, मूसा, मूसा ही था, एलिय्याह, एलिय्याह ही था, और उन्हें (जैसे-तैसे) पहचाना जा सकता था। यह बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न कि "क्या स्वर्ग में हम एक-दूसरे को जानते होंगे?" का उत्तर देने में सहायक है। बाइबल का उत्तर है "हां।" [13]आप को चाहिए कि उनके जीवनों की झलकियां दिखाने के लिए समय निकालें।[14]बहुत से लोग यह मानते हैं कि उन दोनों के चुने जाने का कारण यह था कि मूसा व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता था, जब कि एलिय्याह नबियों का प्रतिनिधि था, सो दोनों यीशु की ईश्वरीयता के दो बड़े गवाह थे (यूहन्ना 1:45; देखें लूका 24:44)। यीशु के जीवन से जुड़ी और बातों का सुझाव दिया गया है: इन तीनों को पहाड़ की चोटी के अद्भुत अनुभव थे; तीनों के जीवनों का अन्त असामान्य था (मूसा के सम्बन्ध में, देखें व्यवस्थाविवरण 34:6; एलिय्याह के सम्बन्ध में, देखें 2 राजा 2:11)।[15]यदि ऐसी बातचीत हुई थी, तो मैं कल्पना कर सकता हूं कि यह बातचीत कैसी रही होगी: "यीशु ने कहा, 'मैं तुम्हें अपने मन्दबुद्धि चेलों के बारे में बताता हूं।' मूसा ने कहा, 'मैं हठी इस्राएलियों के बारे में बताता हूं!' और एलिय्याह ने कहा, 'यह तो कुछ भी नहीं!' मैं आपको अहाब और इज़बल के बारे में बताता हूं!" [16]नीचे टिप्पणी में "विदा होने" है।[17]यूनानी शब्द *exodon* है, जो *exodos* का कर्म कारक रूप है। पतरस ने बाद में अपनी मृत्यु के बारे में इसी शब्द का इस्तेमाल किया (2 पतरस 1:15)।[18]कई बार दयालु सामरी के एक उदाहरण का इस्तेमाल किया जाता है, जिसने सराय के मालिक को धन देते हुए कहा था, "[घायल व्यक्ति] की सेवा टहल करना और जो कुछ तेरा और लगेगा, वह मैं लौटने पर तुझे भर दूंगा" (लूका 10:35)। जब वह घायल आदमी ठीक हुआ और वहां से जाने को तैयार था, यदि उसने बिल पूछा, तो सराय के मालिक ने उसे इस तरह कहा होगा "चिंता न करो। मैं देख लूंगा।" परन्तु उसका कर्ज़ चुकाने के लिए सामरी के लौटने *को ध्यान में रखकर* हिसाब बराबर कर दिया गया था।[19]मैं पतरस के साथ अपने आप को मिला सकता हूं। लोग अक्सर यह विचार किए बिना कि वे क्या बोल रहे हैं, बोल देते हैं। कई बार इस वाक्यांश का इस्तेमाल "मुंह खोलो, पांव डालो" के रूप में करते हैं।[20]यूनानी शब्द के अनुवाद "मण्डप" का अर्थ यहूदियों द्वारा बनाए जाने वाले डेरों/मण्डपों के पर्व के जश्न के लिए अस्थाई ढांचा है। जब मैं लड़का था, तो जहां हम रहते थे, वहां "तम्बू" बनाए जाते थे। जहां आप रहते हैं, वहां ऐसा ही अर्थ देने वाले शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं।

[21]क्योंकि मण्डपों के पर्व का समय अधिक दूर नहीं था (यूहन्ना 7:2), इसलिए कुछ लेखकों का

मानना है कि पतरस यह प्रस्ताव रख रहा था कि वे उस पर्व को यरूशलेम के बजाय पहाड़ पर मनाएं।[22]जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे एण्ड फिलिप वाई. पैंडलटन, *द फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्टैण्डर्ड पब्लिशिंग कं., 1914), 419. [23]अनेक धर्मों के लोग यीशु को किसी दूसरे धार्मिक अगुवे की तरह ही मानने को तैयार हैं, परन्तु वे उसे प्रभु और परमेश्वर के रूप में ग्रहण करने को तैयार नहीं हैं। दुर्भाग्य से मसीही होने का दावा करने वाले कुछ लोग भी यीशु के बारे में ऐसी ही सोच रखते हैं। जहां आप रहते हैं, वहां की धार्मिक परिस्थिति के लिए यह प्रासंगिकता बनाएं।[24]व्यवस्था का स्थान यीशु की नई व्यवस्था द्वारा लिए जाने की प्रक्रिया जारी थी (कुलुस्सियों 2:14; इब्रानियों 9:16, 17); ''इन दिनों के अन्त में [परमेश्वर ने] हम से *अपने पुत्र में* बातें कीं'' (इब्रानियों 1:2क)।[25]इस वाक्य के अन्तिम भाग में इस्तेमाल अलंकार एक पहेली है। यदि आपके सुनने वाले इस अलंकार से परिचित नहीं हैं तो आप कह सकते हैं, ''और गूढ़ अर्थ स्पष्ट हो जाना था।''